# मूर्ख रामू

## <u>प्रश्न- उत्तर</u>

**प्रश्न-1 क्या देखकर राम को अचरज हुआ?**

**उत्तर-**अपनी मुर्गी के पास एक सोने का अंडा पड़ा देखकर रामू को अचरज हुआ।

**प्रश्न-2 रामू को दो अंडों की क्या कीमत मिली?**

**उत्तर-**रामू को दो अंडों की कीमत बीस हज़ार रुपए मिली ।

**प्रश्न-3 दसवें दिन सेठ बनवारी लाल ने रामू की तरफ क्यों ध्यान नहीं दिया?**

**उत्तर-**दसवें दिन सेठ बनवारी लाल ने रामू की तरफ ध्यान नहीं दिया क्योंकि उस दिन वह लाला सुमेर चंद से कुछ ज़रूरी बातें कर रहे थे।

**प्रश्न-4 रामू को अपनी मुर्गी पर क्रोध क्यों आने लगा?**

**उत्तर-**रामू को अपनी मुर्गी पर क्रोध आने लगा क्योंकि वह प्रतिदिन एक ही सोने का अंडा देती थी। वह चाहता था कि उसकी मुर्गी एक ही दिन में उसे पचास-साठ (50-60) अंडे दे दे।

**प्रश्न-5 क्रोध में भरकर रामू ने क्या किया और क्यों?**

**उत्तर-**क्रोध में भरकर रामू ने अपनी मुर्गी का पेट चीर डाला क्योंकि उसके मन में ज्यादा अंडे पाने का लालच आ गया था।

*******************